जापान - मालदीव समझौता

प्रलिम्सि के लयि:

समुद्री मार्ग, क्वाड

मेन्स के लयि:

हन्दि महासागर का भू-राजनीतकि महत्व

चर्चा में क्यों?

भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत के रणनीतकि साझेदार जापान ने हाल ही में मालदीव के सुरक्षा ढाँचे को मज़बूत करने के लयि एक समझौते पर हस्ताक्षर कयि हैं जो दक्षणि हदि महासागर में स्थरिता प्रदान करने में योगदान देगा।

प्रमुख बदि:

- मालदीव और जापान ने हाल ही में जापान सरकार के**आर्थकि और सामाजकि वकिास कार्यक्रम (Economic and Social Development Programme)** के तहत एक समझौते पर हस्ताक्षर कयि हैं।
  - इसके तहत, **मालदीव कोस्ट गार्ड और 'मैरीटाइम रेसक्यू एंड कोआर्डनिशन सेंटर' (Maldives Coast Guard and the Maritime Rescue and Coordination Center)** को 800 मलियिन जापानी येन की अनुदान सहायता दी जानी है।
- अनुदान सहायता का उपयोग मालदीव द्वारा तटरक्षक बल, समुद्री बचाव और समन्वय केंद्र, उप-क्षेत्रीय केंद्रों और पोत (Vessels) की क्षमताओं को और मज़बूत करने के लयि कयिा जाएगा।
  - इसमें संचार उपकरण, पेशेवर खोजी और बचाव करने वाले गोताखोरों के उपकरणों को खरीदने का प्रावधान शामलि है, जसिका उपयोग खोज और बचाव कार्यों के दौरान मालदीव कोस्ट गार्ड द्वारा कयिा जाता है।
- इससे पहले अक्तूबर, 2019 में, जापान ने मालदीव के स्वास्थ्य क्षेत्र में 21 पैरामेडकि एंबुलेंस (Paramedic Ambulances) का अनुदान दयिा था।

लाभ:

- समुद्री डकैती से संबंधति घटनाओं का मुकाबला करना।
- हसिक अतवािद और मादक तस्करी का मुकाबला करना।
- एक स्वतंत्र और खुला हदि महासागर सुनशि्चति करना जो इस क्षेत्र में शांतिऔर समृद्धिलाएगा।
  - हदि महासागर द्वीप समूह जो लगभग 4 लाख लोगों का घर है, रणनीतकि स्थतिकि कारण भू-राजनीतकि महत्व रखता है।

???? ?? ???? ?????:

मालदीव, हदि महासागर में एक टोल गेट:

- इस द्वीप श्रृंखला के दक्षणि और उत्तरी भाग में संचार के दो महत्वपूर्ण **समुद्री मार्ग (Sea Lanes of Communication)** स्थति हैं।
- ये SLOC पश्चमि एशयिा में अदन की खाड़ी और होर्मुज़ की खाड़ी तथा दक्षणि पूर्व एशयिा में मलक्का जलडमरूमध्य के बीच समुद्री व्यापार प्रवाह के लयि महत्त्वपूर्ण हैं।
- भारत के बाहरी व्यापार का लगभग 50% और उसके ऊर्जा आयात का 80% हसि्सा अरब सागर में स्थति है, इसलयि SLOCs भारत के लयि महत्वपूर्ण हैं।

- **क्वाड सदस्य के साथ समझौता:** यह "अनुदान सहायता" संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के अनौपचारिक रणनीतिक समूह '[क्वाड](#)' के किसी सदस्य के साथ मालदीव का दूसरा प्रमुख समझौता है।
  - पहले, यूएसए के साथ रक्षा और सुरक्षा से संबंधित एक रूपरेखा पर हस्ताक्षर किये गए थे।
  - क्वाड सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने पिछले महीने टोक्यो में बैठक की और क्षेत्र में चीनी उपस्थिति तथा प्रभाव का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा की।

//



स्रोत:द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/japan-signs-pact-with-maldives